# हजारीबाग के मिहिर वत्स और जमशेदपुर की सालगे को मिला साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार



मिहिर वत्स।



सालगे हांसदा।

जाटी, रांची/जमशेदपुर : झारखंड के दो साहित्यकारो की रचनाओं को इस वर्ष के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार के लिए अलग-अलग भाषाओ के 23 लेखको की कृतियों को चुना गया है। अंग्रेजी भाषा में जहां हजारीबाग के मिहिर वत्स को उनके यात्रा वृत्तांत 'टेल्स आफ हजारीबाग' के लिए यह पुरस्कार दिया गया है, वहीं संताली भाषा के लिए जमशेदपुर की सालगे हांसदा को उनके उपन्यास 'जानाम दिशोम उजाड़ोक काना' (जन्मभूमि वीरान हो रही है) के लिए चुना गया है। सालगे जमशेदपुर के बारीगोड़ा की निवासी हैं। चाकुलिया के एसआरमएम डिग्री कालेज में घंटी आधारित शिक्षक के रूप में अध्यापन कर रही हैं। कई सामाजिक व साहित्यिक संगठनों से जुडी हैं। आल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन की पूर्वी सिंहभूम की सचिव भी हैं।